# मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 1999

## प्रथम प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित चार प्रश्न खण्डों में से किन्हीं तीन पर, प्रत्येक पर लगभग 200 शब्दों में, संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–

   (अ) 1984 के सिख–विरोधी दंगे

   (ब) ऑरिजेन ट्रिनले डोरजी

   (स) मध्यप्रदेश राज्य की ज्ञानदूत परियोजना

   (द) मध्यप्रदेश राज्य की जनसंख्या स्थिरीकरण नीति।

2. निम्नलिखित चार प्रश्न खण्डों में से किन्हीं तीन पर, प्रत्येक पर लगभग 200 शब्दों में, संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–

   (अ) भारत छोड़ो आन्दोलन, 1942

   (ब) कैबिनेट मिशन प्लान, 1946

   (स) टेस्ट–ट्यूब बेबीज

   (द) थियोसॉफिकल सोसायटी।

3. भारतीय संविधान में प्रावधानित ''मौलिक कर्तव्यों'' का सविस्तार वर्णन कीजिए।

   अथवा

   भारतीय संविधान में दी गई ''प्रस्तावना'' (प्रीएम्बल) का वर्णन कीजिए।

4. ओलिम्पिक खेलों के इतिहास का, इनके चिन्ह पताका, ज्योति, शपथ व पुरस्कार का विवरण देते हुए, वर्णन कीजिए।

   अथवा

   भारतीय कृषि की विषिष्ट विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

5. पृथ्वी के वायुमण्डल व उसकी विभिन्न परतों का वर्णन कीजिए।

   अथवा

   भूकंप के कारणों व प्रकार का वर्णन कीजिए।

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 1999

## द्वितीय प्रश्न–पत्र

1. मालवा के पठार का विवरण कीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश के वनों के भौगोलिक वर्गीकरण का वर्णन कीजिए।

अथवा

दंडकारण्य प्रदेश की प्राकृतिक संरचना का वर्णन कीजिए।

2. भारत में मध्यप्रदेश की स्थिति एवं उसके सीमावर्ती राज्यों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

''हरित क्रांति'' का आशय स्पष्ट करते हुए मध्यप्रदेश में उसकी स्थिति का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश के कुटीर उद्योगों पर प्रकाश डालिये।

3. मध्यप्रदेश में नर्मदा घाटी परियोजना का परिचय दीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में ऊर्जा के पारम्परिक स्रोतों का उल्लेख कीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में वर्षा की स्थिति का उल्लेख कीजिए।

4. मध्यप्रदेश में पर्यावरण प्रदूषण के क्या कारण है? उन्हें दूर करने के उपाय समझाएं।

अथवा

मध्यप्रदेश में सिंचाई के परम्परागत स्त्रोंतों का उल्लेख कीजियें।

अथवा

मध्यप्रदेश के नगरीय प्रषासन में स्वायत्त संस्थाओं की भूमिका निर्धारित कीजिये।

5. मध्यप्रदेश में प्रशासनिक ढाँचे की रूपरेखा बताइये।

अथवा

मध्यप्रदेश राज्य क्रीडा परिषद के मुख्य उददेश्य बताइये।

अथवा

मध्यप्रदेश में साक्षरता का प्रतिशत क्या है? साक्षरता के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में कौन–कौन सी गतिविधियाँ चल रही हैं?

## भाग–ख

6. संस्कृत साहित्य में बाणभट्ट का महत्व बताइये। अथवा

संस्कृत साहित्य में कालिदास के महत्व का उल्लेख कीजियें। अथवा

भवानी प्रसाद मिश्र की रचनाओं का उल्लेख करते हुए इनका वैशिष्ट्य लिखियें।

7. संत कवि सिंगाजी एवं उनकी रचनाओं के बारे में आप क्या जानते हैं। अथवा

संगीत के क्षेत्र में मध्यप्रदेश के कुछ प्रसिद्ध संगीतकारों के योगदान को रेखांकित कीजिये। अथवा

मध्यप्रदेश के लोक गायन की पाँच प्रमुख शैलियों का उल्लेख करते हुए पण्डवानी लोकगीत की विशेषताएँ बताइये।

8. मध्यप्रदेश की रंगमंच परम्परा के बंशी कौल व अनवार सिद्धीकी रंगकर्मियों का परिचय दीजिये।

अथवा

मध्यप्रदेश की गौंड जनजाति व उनकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिये। अथवा

मध्यप्रदेश की बैगा जनजाति व उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिये।

9. मध्यप्रदेश के आदिवासियों के 'भगौरिया नृत्य' का वर्णन कीजिये। अथवा

मध्यप्रदेश के भीम बेटका, डॉंगवाला व एरण के पुरातात्विक महत्व को बताइये।

अथवा

मध्यप्रदेश में स्थापित कालिदास राष्ट्रीय सम्मान की जानकारी दीजिये।

10. 'भारत छोड़ों आन्दोलन' में मध्यप्रदेश के प्रमुख स्वंतत्रता संग्राम सेनानियों की भूमिका का वर्णन कीजिये। अथवा

मध्यप्रदेश के महाकाव्य काल का उल्लेख कीजिये। अथवा

राजा भोज के बारे में आप क्या जानते है?

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा मुख्य परीक्षा–1999

## सामान्य हिन्दी

1. निम्नलिखित वाक्यों की अधिक से अधिक सौ–सौं शब्दों में व्याख्या कीजिये।

(क) प्रेम जल्द निराश नहीं होता।

(ख) मनुष्य की पशुता को जितनी बार भी काट दो, वह मरना नहीं जानती।

(ग) संसार में जिस वस्तु से हमारा जितना हित–साधन होता है, उसके नहीं रहने पर उतना ही कष्ट होता हैं।

(घ) सोने से अंग भरता है, मन नहीं भरता, रंग खुलता है, दिल नहीं खुलता।

(ङ) राष्ट्रभाषा के अभाव से पराधीनता की याद ताजी बनी रहती है।

3. निम्नलिखित गद्यांश के संक्षेपण लगभग एक–तिहाई शब्दों में कीजियें और इसके लिए एक उपयुक्त शीर्षक चुनिये।

राष्ट्रीय के विकास के लिए भाषा एक अत्यन्त महत्वपूर्ण तत्व है। भाषा एक ऐसा साधन है, जिसके द्वारा मनुष्य और मानव समुदाय अपने भावों को एक–दूसरे के सामने प्रकट करते हे। जिस प्रकार पहाड़, नदी तथा समुद्र मनुष्यों के आपस में मिलने–जुलने में रूकावट पैदा करते ह, उसकी प्रकार भाषा की भिन्नता मनुष्यो में पारस्परिक सम्बन्ध स्थापित करने में बाधक होती है। मनुष्यों के विभिन्न समुदायों के अपने–अपने आदर्श, विचार और अपनी–अपनी भावनाए ँ होती हैं, जिनकी अभिव्यक्ति भाषा के द्वारा होती है। संगीत और साहित्य की अभिव्यक्ति का साधन भी भाषा ही है। भाषा एक ऐसा माध्यम है, जिससे मनुष्य एक–दूसरे के समीप आ जाते है, उनमें घनिष्ठता स्थापित हो जाती है। यही कारण है कि एक भाषा बोलने वाले लोग परस्पर सहानुभूति रखते है। राष्ट्रीयता की भावना के लिए भाषा तत्व परम आवश्यक है।

4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखियें और उनका अपने वाक्यों मे प्रयोंग कीजियें:

(क) अंगूठा चूसना (ख) आँख लगाना

(ग) कमर कसना (घ) खून सूखना (ङ) नजर करना।

5. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्यों में प्रयोग द्वारा उनके अर्थ

स्पष्ट कीजियेः

(क) नदी (ख) नरक

(ग) आकाश (घ) उपहास (ङ) बादल

6. निम्नलिखित शब्द–युग्मों का अर्थ लिखकर 'और वाक्यों में प्रयोग के द्वारा उनका अन्तर स्पष्ट कीजिये।

(क) अवधि–अवधी (ख) अनल–अनिल

(ग) कपिश–कपीश (घ) जगत्–जगत (ङ) तनु–तनू

7. निम्नांकित विषयों मे से किसी एक पर लगभ तीन सौ (300) शब्दों में निबन्ध लिखियें।

(क) कदाचार मुक्त परीक्षा

(ख) मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक सम्पदा

(ग) पर्यावरण एवं वृक्षारोपण

(घ) 'टयूशन' आवश्यकता या विवशता

(ङ) हमारी शिक्षा नीतिः वर्तमान और भविष्य

8. हिन्दी में अनुवाद कीजिये–

Translate to Hindi-

Democracy demands discipline. tolerance and mutual regard. Freedom demands respect for the freedom of others. in a democracy charges are made by mutual discussion and peculation and not by violent means. If a government has no popular support. another government which commands that popular support takes its place it is only small groups who know that they cannot get sufficient popular support resort to methods of violence. This is not utterly wrong. but it is also utterly foolish.